कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य-03/2024 दिनांक 29/03//2024

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याः वीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 28.03.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01-अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ (हेरोइन) की अवैध तस्करी करने वाले गिरोह के ठेकेदार व हिस्ट्रीशीटर सहित तीन अभियुक्तो को 01 किलो मादक पदार्थ हेरोइन (जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 02 करोड़ रूपये है) के साथ रंगे हाथ हेतिमपुर मोड़ के पास से स्वाट/सर्विलांस टीम व थाना कोतवाली की पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत् अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 28.03.2024 को स्वाट/सर्विलांस व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ (हेरोइन) की अवैध तस्करी करने वाले गिरोह के 03 अभियुक्तों को 01 किलो मादक पदार्थ हेरोइन (जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 02 करोड़ रूपये है) के साथ रंगे हाथ हेतिमपुर मोड़ के पास से समय करीब 09.10 बजे गिरफ्तार किया गया। हेरोइन की अवैध तस्करी करने वाले अभियुक्तगणों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरणः हिरासत में लिए गए व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि हम लोग 01 साल से हेरोइन तस्करी के धंधे में संलिप्त हैं। अधिक पैसा कमाने के लालच में हम लोग झारखण्ड के चतरा जाकर कम दाम पर हेरोइन को खरीदकर उसे बनारस व राजस्थान के कोटा आदि स्थानों पर ऊँचे दामों पर विक्रय कर मिलने वाले पैसों को आपस में बाँट लेते हैं और उसी पैसे से अपने परिवार का भरण-पोषण व अपने शौक पूरे करते हैं।

गिऱफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता-

1. बजरंगी सिंह यादव पुत्र स्व0 अंगद सिंह यादव निवासी बिराइच थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 34 वर्ष
2. महेन्द्र यादव पुत्र स्व0 जगधारी यादव निवासी महुलिया थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 55 वर्ष
3. रामआशीष सिंह यादव पुत्र दुखन्ती यादव निवासी जगदीशपुर थाना जमानिया जनपद गाजीपुर उम्र करीब 30 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

01. 01 कि0ग्रा0 हेरोइन (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2 करोड़ रु0)
02. 01 अदद चार पहिया वाहन स्कार्पियों संख्या UP32LK458703. 7500 रुपये नगद (जामा तलाशी से)

02. श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान "OPERATION CONVICTION" के अन्तर्गत मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा की गयी लगातार प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 01 नफर अभियुक्त को मा0 न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए दी गयी सजा '

दिनांक 28.03.2024 को मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन के प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप थाना करण्डा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 327/15 धारा 377 भादवि व 4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर अभियुक्त उमेश कुमार उर्फ फेंकन राम पुत्र रामअवध राम निवासी रामनाथपुर गोशन्देपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर के विरुद्ध लगातार किये गये प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप धारा 377 भादवि में 07 वर्ष का कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड , अर्थदण्ड अदा न करने पर 03 माह का अतिरिक्त कारावास, धारा 04 पाक्सो एक्ट में 07 वर्ष का कारवास व 5000 रू0 का अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर 03 माह का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया।

03. थाना भांवरकोल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 30/24 व धारा 376(3),457 भा0द0वि0 व ¾ (2) पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना भांवरकोल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 30/24 व धारा 376(3),457 भा0द0वि0 व ¾ (2) पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करनें उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुयी। थाना भांवरकोल पुलिस द्वारा भांवरकोल चट्टी पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेंकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर अभियुक्त सचिन कुशवाहा पुत्र रधुनाथ कुशवाहा ग्राम भदौरा थाना भावरकोल गाजीपुर उम्र करीब 28 वर्ष को जसदेवपुर मोड़ थाना क्षेत्र भांवरकोल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त

1.सचिन कुशवाहा पुत्र रधुनाथ कुशवाहा ग्राम भदौरा थाना भावरकोल जनपद गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर